RNI NO. - CHHHIN/2011/38292



**13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के**

**अब 14 वें वर्ष की ओर**

**पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह**

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman


हो जाओ सावधान



वर्ष-14 अंक-04 | अम्बिकापुर, बुधवार, 10 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# जेल में दिल्ली सीएम केजरीवाल, मंत्री गोपाल राय ने कर दिया बड़ा ऐलान

## लोकसभा चुनाव पर पड़ेगा असर!



**दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में है, पीछे से मंत्री गोपाल राय ने लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। दिल्ली के मंत्री और आप नेता गोपाल राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी मंगलवार से घर-घर अभियान चला रही है और लोगों से आप को वोट देने का आग्रह किया ताकि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से रिहा किया जा सके।

गोपाल राय ने कहा, आम आदमी पार्टी आज से घर-घर अभियान शुरू कर रही है। हम घर-घर जा रहे हैं और लोगों तक अरविंद केजरीवाल का संदेश पहुंचा रहे हैं कि आज आपके मुख्यमंत्री जेल में हैं और वह प्रचार नहीं कर सकते। इसलिए दिल्ली की जनता जिनके लिए अरविंद केजरीवाल ने काम किया, उन्हें आज कमान संभालनी होगी। अगर हम वोट से जवाब देंगे तो अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आएंगे, यही संदेश लेकर हम आज घर-घर जा रहे हैं।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी का जवाब वोट से

उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में बाहर आने और 25 मई को मतदान करने का अनुरोध किया ताकि आप को निर्णायक जनादेश मिले। उन्होंने आगे कहा, 25 मई को भारी संख्या में वोट करें ताकि अरविंद केजरीवाल जेल से रिहा हो जाएं। सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी का जवाब वोट के जरिए दिया जाएगा। हम बीजेपी सरकार की तानाशाही का अंत सुनिश्चित करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट जाएंगे केजरीवाल

सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उत्पाद शुल्क नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, आम आदमी पार्टी दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले से सहमत नहीं है. दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उत्पाद नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी और कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी कानून का उल्लंघन नहीं है और रिमांड को 'अवैध' नहीं कहा जा सकता है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा की पीठ ने कहा, ईडी के पास पर्याप्त सामग्री थी, जिसके कारण उन्हें केजरीवाल को गिरफ्तार करना पड़ा। केजरीवाल के जांच में शामिल न होने और उनके द्वारा की गई देरी का असर न्यायिक हिरासत में बंद लोगों पर भी पड़ रहा था।

### केजरीवाल ने रची साजिश-ईडी

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा एकत्र की गई सामग्री से पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल ने साजिश रची और अपराध की आय के उपयोग और छिपाने में सक्रिय रूप से शामिल थे। ईडी के मामले से यह भी पता चलता है कि वह निजी तौर पर आम आदमी पार्टी के संयोजक के तौर पर भी शामिल थे. अदालत ने आगे कहा कि इस अदालत की राय है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसकी गिरफ्तारी और रिमांड की जांच कानून के अनुसार की जानी चाहिए, न कि चुनाव के समय के अनुसार। अदालत ने कहा, ईडी की ओर से किसी भी दुर्भावना के अभाव में आम चुनाव से पहले गिरफ्तारी के समय को लेकर केजरीवाल की चुनौती टिकाऊ नहीं है। केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ने उत्पाद शुल्क नीति मामले में गिरफ्तार किया था। दिल्ली में सात लोकसभा सीटें हैं, जिनमें से सभी पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है।

### दिल्ली में आप और कांग्रेस का गठबंधन

आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस, जो गठबंधन में लड़ेंगी, दिल्ली में दो अन्य प्रमुख राजनीतिक दल हैं। आप और कांग्रेस ने घोषणा की है कि वे 2024 का लोकसभा चुनाव सभी सात सीटों पर मिलकर लड़ेंगे। दिल्ली में सत्तारूढ़ पार्टी और सबसे पुरानी पार्टी के बीच हुए समझौते के तहत, कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी की 7 लोकसभा सीटों में से 3 पर चुनाव लड़ेगी, जबकि आप शेष 4 निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारेगी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस चांदनी चौक, उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि नई दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली और पूर्वी दिल्ली में चुनाव लड़ेगी।

## अन्ना हजारे की क्रांति 'केजरी करप्शन क्रांति' में हुई तब्दील: सुधांशु त्रिवेदी



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका को दिल्ली उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। इस पर भाजपा ने आप नेता पर दिल्ली को शर्मसार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अब केजरीवाल को सीएम पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया अगेंस्ट करप्शन की अन्ना हजारे की क्रांति अब केजरी करप्शन क्रांति में तब्दील हो गई है। केजरीवाल अपनी जमानत के लिए हाई कोर्ट नहीं गए थे, बल्कि अपने अहंकार में उन्होंने तो अपनी गिरफ्तारी को ही अवैध ठहरा दिया था। लेकिन, हाई कोर्ट के फैसले ने आज आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल का अहंकार चकनाचूर कर दिया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि स्वघोषित कट्टर ईमानदार का किरदार धारदार तथ्यों के साथ पूरी तरह तार-तार हो गया है। कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि जांच एजेंसी ईडी ने जो साक्ष्य दिए हैं, उससे साफ होता है कि अरविंद केजरीवाल शराब नीति बनाने में प्रथम सूत्रधार थे। वह व्यक्तिगत हैसियत से, नीति निर्माण और रिश्वत मांगने में भी शामिल हैं और आप के राष्ट्रीय संयोजक की हैसियत से भी इसमें शामिल हैं। भाजपा प्रवक्ता ने आगे कहा कि न्यायालय ने आप को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि न्यायिक फैसलों पर राजनीतिक टिप्पणी उचित नहीं है। गिरफ्तारी के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि अदालत कानून से बंधी है, ना कि राजनीतिक विचारों से। कोर्ट ने कहा कि राजनीति को इसमें नहीं लाया जा सकता। एक सवाल के जवाब में सुधांशु त्रिवेदी ने पश्चिम बंगाल के वर्तमान हालात की तुलना लालू राज के बिहार और सपा राज के उत्तर प्रदेश से करते हुए ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि टीएमसी सांसद पश्चिम बंगाल की हिंसा को कवर फायर देने के लिए चुनाव आयोग गए थे और आज आप नेता कवर फायर देने के लिए टीएमसी नेताओं से मिलने गए थे।

# समोसे में निकले कंडोम, पत्थर और तंबाकू .. कर्मचारियों के उड़े होश, वजह जानकर माथा पकड़ लेंगे आप



**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। शहर की एक नामी कंपनी की कैंटीन में बिकने वाले समोसों में पत्थर, तंबाकू और कंडोम निकलने का मामला प्रकाश में आया है। 27 मार्च को सामने आई इस घटना में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए एक आरोपी को अरेस्ट किया है। शहर के पिंपरी चिंचवाड स्थित एक प्रमुख ऑटो कंपनी को यह समोसे सप्लाई किए जाते थे। घटना के खुलासे के बाद हड़कंप की स्थिति है। जांच में सामने आया है कि समोसे में कंडोम और तंबाकू और पत्थर भरने का खेल कारोबार की दुश्मनी में हुआ। पुलिस ने बताया कि ऑटोमोबाइल फर्म की कैंटीन में खाने-पीने के सामान की सप्लाई करने की जिम्मेदारी कैटलिस्ट सर्विस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की थी। कैटलिस्ट सर्विस ने फर्म में समोसा सप्लाई करने का कॉन्ट्रैक्ट मनोहर एंटरप्राइजेज नाम की कंपनी को दिया था। शनिवार को ऑटो फर्म के कुछ कर्मचारियों ने समोसे में कंडोम, गुटखा और पत्थर मिलने की शिकायत की थी।

चिखली पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि मनोहर एंटरप्राइजेज के कर्मचारियों से पूछताछ में पता चला कि फिरोज शेख और विक्की शेख नाम के दो कर्मचारियों ने समोसे में कंडोम, गुटखा और पत्थर भरे थे। एसआरएस एंटरप्राइजेज के पार्टनर की पहचान रहीम शेख, अजहर शेख और मजहर शेख के रूप में हुई है। ये तीनों मनोहर एंटरप्राइजेज की छवि धूमिल करना चाहते थे।

बताया जा रहा है कि आरोपी रहीम शेख कैंटीन का कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने की वजह से नाराज था। कैटलिस्ट सर्विस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ऑटोमोबाइल फर्म के अनुसार एसआरएस एंटरप्राइजेज नाम की कंपनी को समोसे का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था, जब इस कंपनी ने समोसे की सप्लाई दी तो एक दिन बैंडेज निकला। इसके बाद इस कंपनी से कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर लिया गया था और दूसरी कंपनी मनोहर एंटरप्राइजेज को ठेका दे दिया गया था। रहीम शेख दूसरी कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट देने से भड़क गया, उसने इसके बाद एक साजिश रची ताकि कंपनी के मालिक से बदला लिया जा सके।

उसने अपने दो कर्मचारियों को मनोहर एंटरप्राइजेज के कैंटीन में भर्ती करवा दिया। इन कर्मचारियों फिरोज शेख और विक्की शेख ने कंडोम, तंबाकू और पत्थर वाले समोसे तैयार किए। वहीं जब कंपनी के कर्मचारियों ने समोसे खोलकर देखे, तो उनमें आपत्तिजनक चीजें मिलीं। इसके बाद शिकायत दर्ज करवाई गई। इस मामले में फिलहाल एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच जारी है।

# हेमा मालिनी के खिलाफ बयान देकर बुरे फंसे कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला, ईसीआई ने थमाया नोटिस



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस पार्टी के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में नोटिस जारी किया है। सुरजेवाला पर आरोप है कि उन्होंने भाजपा की मथुरा से उम्मीदवार हेमा मालिनी पर अभद्र टिप्पणी की है। चुनाव आयोग ने मंगलवार शाम सुरजेवाला को नोटिस जारी किया। आयोग ने सुरजेवाला को 11 अप्रैल की शाम 5 बजे तक जवाब देने का निर्देश दिया है।

इसके साथ ही चुनाव आयोग ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक पत्र भेजा है। पत्र में चुनाव आयोग ने खड़गे से ऐसी टिप्पणी करने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आयोग का कहना है कि पार्टी नेताओं को सभाओं व सार्वजनिक स्थानों पर दिए जाने वाले बयानों में सावधानी बरतनी चाहिए। चुनाव आयोग का कहना है कि कोई भी नेता महिलाओं को लेकर असभ्य टिप्पणी नहीं करे।

आयोग के मुताबिक लोकसभा चुनाव के लिए चल रहे प्रचार के दौरान किसी भी व्यक्ति को महिलाओं के संबंध में अपमानजनक व अभद्र भाषा उपयोग करने की अनुमति नहीं है। वहीं, इस मुद्दे पर सोशल मीडिया के जरिए अपनी बात रखते हुए कांग्रेस नेता सुरजेवाला ने कहा था कि उनका पूरा वीडियो सुना जाए। सुरजेवाला के मुताबिक वह हेमा मालिनी का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने धर्मेंद्र से शादी की है इसलिए वह हमारी बहू हैं। कांग्रेस नेता का आरोप है कि वीडियो एडिट करके चलाया गया है। दूसरी तरफ, चुनाव आयोग ने तय किया है कि पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल होने वाली सभी गाड़ियों में जीपीएस लगेगा, जिससे इन वाहनों को ट्रैक किया जा सकेगा। चुनाव आयोग ने गृह मंत्रालय को पश्चिम बंगाल में 100 और केंद्रीय आर्म्ड पुलिस फोर्स को तैनात करने का भी निर्देश दिया है। आयोग द्वारा भेजे गए निर्देश में कहा गया है कि 15 अप्रैल या उससे पहले कंपनियों की तैनाती कराई जाए। चुनाव आयोग के मुताबिक लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 1,206 उम्मीदवारों के साथ-साथ बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र से 4 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के मतदान के लिए 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2,633 नामांकन दाखिल किए गए थे। दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल, 2024 थी। दाखिल किए गए 2,633 नामांकन पत्रों की जांच के बाद, 1,428 नामांकन वैध पाए गए। सभी 12 राज्यों में उम्मीदवारों के नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल, 2024 थी।

# जशपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भरी हुंकार

## कहा- आदिवासियों को विधर्मियों से डरने की जरूरत नहीं

### वनवासी कल्याण आश्रम में आदिवासियों के सबसे बड़े त्यौहार सरहुल सरना पूजा महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**रायपुर/जशपुर।** जो लोग कहते हैं कि आदिवासी हिन्दू नहीं हैं, तो ऐसे विधर्मियों से हमें सावधान रहना है. हम आदिवासी लोग शिव-पार्वती की पूजा करते हैं, आदिवासियों से बड़ा हिन्दू कोई नहीं हो सकता है. आदिवासियों की एकता को तोड़ने का प्रयास जो विधर्मी कर रहे हैं, उनके बहकावे में नहीं आना है, उनको करारा जवाब देना है. यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर के वनवासी कल्याण आश्रम में आदिवासियों के सबसे बड़े त्यौहार सरहुल सरना पूजा महोत्सव में कही.

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता को हिन्दू नववर्ष और नवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर वर्ष यहाँ सरहुल खद्दी पूजा का आयोजन चैत्र प्रतिपदा के दिन करने की परंपरा है. मैं शुरू से ही वनवासी कल्याण आश्रम का कार्यकर्ता रहा हूँ. हर बार मेरा प्रयास रहता है कि इस पूजा में आप सभी के बीच रहूं, आप सभी के दर्शन करूँ।

उन्होंने कहा कि आज जो मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री का दायित्व संभाल रहा हूँ वो महादेव-पार्वती, बालाजी भगवान, खुड़िया रानी, हमारे देवी-देवता, वनवासी कल्याण आश्रम, दिलीप सिंह जूदेव जी, बालासाहेब देशपांडे जी, जगदेव उरांव जी और आप सभी के आशीर्वाद से हूँ. उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री होने के नाते मेरा दायित्व है कि जशपुर का नाम ऊँचा हो, जशपुर का नाम कभी भी नीचा न हो यह आशीर्वाद मैं आप सभी से मांगता हूँ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरहुल खद्दी पूजा में हम आदिवासी प्रकृति की, पेड़-पौधे, सरई पेड़ की पूजा करते हैं. हम आदिवासी साल भर जो करते हैं और जो गलती करते हैं उसके लिए धरती माता, महादेव-पार्वती से क्षमा मांगते हैं. आने वाले साल में हम सबका जीवन मंगलमय हो, सुखमय हो, परिवार अच्छे से रहे, खेती अच्छा हो, बरसात अच्छा हो इसके लिए हम आज के दिन धरती माता और महादेव-पार्वती की पूजा करते हैं, उनसे आशीर्वाद मांगते हैं. छत्तीसगढ़ में सदैव सुख-समृद्धि हो, सबका जीवन मंगलमय हो इसकी कामना मैं धरती माता और महादेव-पार्वती से करता हूँ। साय ने कहा कि नवरात्र में शक्ति की पूजा होती है. तो हमारी प्रकृति भी शक्ति की एक स्वरुप है. माँ दुर्गा का एक नाम प्रकृति भी है. हम आदिवासी प्रारम्भ से ही प्रकृति और शक्ति दोनों की पूजा करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आप सभी ने मोदी की गारंटी पर विश्वास कर भाजपा को अपना पूरा आशीर्वाद देते हुए चुनाव जिताया. आज यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि 100 दिन में हमने मोदी की गारंटी के प्रमुख वादे को प्राथमिकता से पूरा किया है. 18 लाख पीएम आवास के लिए शपथ ग्रहण के दूसरे दिन 14 दिसंबर को राज्यांश जारी किया. अभी अप्रैल माह में केंद्र का 60त्न अंश भी मिल जाएगा, फिर 18 लाख परिवारों का पीएम आवास बनना तेजी से शुरू हो जाएगा.

### दिलीप सिंह जूदेव को किया याद

मुख्यमंत्री ने दिलीप सिंह जूदेव को याद करते हुए कहा कि जशपुर को कुमार साहब ने बचा कर रखा. आदिवासियों का धर्मांतरण होने से रोका, दर्जनों पदयात्रा की, घर वापसी कार्यक्रम चलाया, राजा होकर भी लाखों धर्मान्तरित लोगों के पांव धुलाकर हिन्दू धर्म में वापसी कराई. गौहत्या के विरोध में कई पद यात्राएं की, तब हमारा जशपुर बचा है. हमें राजा साहब के दिखाए मार्ग पर चलना है, और विधर्मियों के बहकावे में नहीं आना है. धर्मांतरण को करारा जवाब देना है, जशपुर को बचाना है. बढ़ाई जा सके।महोत्सव में कृपाशंकर भगत, विधायक रायमुनी भगत, पूर्व मंत्री गणेशराम भगत, पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, सरहुल समिति के महामंत्री गोविन्द राम भगत, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, प्रियवंदा सिंह जूदेव, जया सिंह जूदेव, विजय आदित्य सिंह जूदेव, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, यश प्रताप जूदेव, कृष्णकुमार राय, राजशरण भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, सुरेश राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजकपूर राम भी उपस्थित थे।



## राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे पर अजय चंद्राकर ने साधा निशाना, कहा- मुकाबले से बाहर हो चुकी है कांग्रेस

**रायपुर।** राहुल गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे पर बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि मोदी जी की सभा का फोटो देख लें. कांग्रेस से किसी के भी आने-जाने से कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है. कांग्रेस मुकाबले से बाहर हो चुकी है. आज कांग्रेस में अंतर्कलह रोकने के लिए कमेटी बनी है. कांग्रेस में कांग्रेसी ही नहीं रहना चाहते. चुनाव किसकी ताकत पर लड़ेंगे। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कसा तंज कि भारत को अपमानित और सत्ता पाने के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक जा सकती है. आप लोग गणित समझिए. एक लाख गरीब महिलाओं को देंगे बोल रहे हैं. पी चिदंबरम ने पूरा गुणा भाग किया है, ऐसा टीएस सिहदेव का कहना है। पूर्व मंत्री ने कहा कि सकल बजट से ज्यादा पैसे तो बांटने वाले हैं. ऐसे अनाप-शनाप बात बोलते है. मैं तो कहूंगा कि 'नशे में बात कहते हैं.' कुछ भी बोलना. कुछ भी अनुमान लगाना. कुछ भी अपमानित करना. बीजेपी 50 साल तक विपक्ष में रही. लेकिन देश के खिलाफ नहीं गइ।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पोस्ट पर अजय चंद्राकर ने कहा कि भूपेश बघेल ने फैसला पढ़ लिया. भूपेश बघेल के पास कौन सा एंटीना है. सर्वोच्च न्यायालय का पूरा फैसला आने दीजिए. बहुत से कयास उसमें लगाए गए हैं. समाचार पत्र में भी बहुत सी बात कही गई है. इसलिए एक टिप्पणी से और एक विषय में बोलने से हम उसे संपूर्ण नहीं मान सकते।

## राहुल गांधी 13 को बस्तर में, कवासी लखमा के पक्ष में करेंगे प्रचार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को बस्तर सीट के लिए चुनाव होने वाला है. सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के लिए प्रचार करने राहुल गांधी 13 अप्रैल को बस्तर पहुंच रहे हैं। राहुल गांधी के दौरे के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है. प्रभारी सचिव चंदन यादव ने कहा कि स्टार प्रचारकों दौरा शुरू हो रहा है. 13 को राहुल गांधी बस्तर में चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे. इसके बाद लगातार बड़े नेताओं का आगमन होगा. प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे का दौरा होगा।

## मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने भक्तों का लगा तांता, 24 घंटे रोपवे की सुविधा



**डोंगरगढ़।** आदिशक्ति माता का नौ दिवसीय उत्सव नवरात्र आज से शुरू हो गया है. मां बम्लेश्वरी के पावन धाम डोंगरगढ़ में आज से भक्तों की भीड़ जुटने लगी है. देश-विदेश से भी माता के भक्त डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं. कहा जाता है कि डोंगरगढ़ में मांगी गई भक्तों की सारी मनोकामनाएं माता बम्लेश्वरी पल में ही पूरी कर देती है. मां बम्लेश्वरी का यह मंदिर हजारों वर्ष पुराना है। माता के नवरात्रों में यहां लाखों भक्त दर्शन को पहुंचते है, जिनकी सारी व्यवस्था करना मंदिर ट्रस्ट की जिम्मेदारी होती है. सुरक्षा में पुलिस के आठ सौ जवान तैनात किए जाते हैं. डोंगरगढ़ में इस बार गर्मी को देखते हुए रोपवे में वातानुकूलित प्रतीक्षालय बनाए गए हैं. नौ दिनों तक 24 घंटे भक्त माता के दर्शन करते हैं. वहीं मंदिर में सतचंडी यज्ञ किया जा रहा. यात्रियों की सुविधा के लिए 24 घंटे रोपवे चालू है. साथ ही सीढ़ियों पर भी जगह-जगह सारी व्यवस्थाएं चौबीसो घंटे चालू है. यहां दो प्रचलित किवदंतियां है।

### मां बम्लेश्वरी मंदिर की पहली कहानी

डोंगरगढ़ शहर पहले कामावती नगर के नाम से जाना जाता था. यहां के राजा कामसेन हुआ करते थे, कहा जाता है कि उन्होंने अपने तपोबल से मां बगलामुखी को प्रसन्न कर यहां के पहाड़ों में विराजमान होने की विनती की और मां बगलामुखी यहां भक्तों के कल्याण के लिए पहाड़ों पर विराजमान हो गई. अत्यधिक जंगल और पहाड़ी दुर्गम रास्ता होने के कारण राजा कामसेन ने पुनः मां से विनती की और नीचे विराजमान होने का आग्रह किया. इसके बाद मां बगलामुखी राजा कामसेन की भक्ति से प्रसन्न होकर पहाड़ों से नीचे छोटी मां के रूप में विराजमान हुई. कालांतर में भाषाई उच्चारण के चलते मैया का नाम बम्लेश्वरी पड़ा।

### दूसरी कहानी

दूसरी कहानी राजा विक्रमादित्य से जुड़ी है. कहा जाता है कि डोंगरगढ़ के राजा कामसेन कला संगीत प्रेमी थे और अपने दरबार में कलाकारों को विशेष सम्मान दिया करते थे. राजा कामसेन के दरबार में एक बार कला संगीत के बड़े कार्यक्रम का आयोजन था, जिसमें राज्य नर्तकी कामकन्दला अपनी प्रस्तुति दे रही थी. तभी बाहर द्वार पर फटे पुराने कपड़े में संगीतकार माधवनल वहां पहुचते हैं और द्वारपालों से कहते हैं कि जाकर अपने राजा को बताओ कि अंदर चल रहे संगीत में तबला बजाने वाले का एक अंगूठा नकली है और जो नर्तकी नाच रही है उसके पैरों में बंधे घुंघरुओं में एक घुंघरू कम है।

जब राजा को माधव की बात पता चली तो राजा कामसेन ने दोनों बातों की जाँच कराई. जांच में दोनों ही चीजे सही निकली फिर क्या था ! कला प्रेमी राजा कामसेन ने माधवनल को ससम्मान अपने राज्य में स्थान दिया. समय के साथ राज्य नर्तकी कामकन्दला और संगीतकार माधवनल में प्रेम हो गया और दोनों छिप छिप कर मिलने लगे, लेकिन प्रेम और हंसी छिपाए नहीं छिपती, जल्दी ही पूरे राज्य में दोनों की प्रेम कहानी सब को पता चल गई, जिसका नतीजा ये हुआ कि माधवनल को राज्यद्रोही बनाकर राज्य से बाहर कर दिया गया. इसके बाद राज्यद्रोही माधवनल ने उज्जैन के महाकाल मंदिर में शरण ली. वहां उन्होंने एक शिलालेख लिखा, जिस पर वहां के राजा विक्रमादित्य की नजर पड़ी और वे माधवनल से मिले. जब उन्होंने माधव की कहानी सुनी तो क्रोधित होकर कामावती नगर (डोंगरगढ़) पर धावा बोल दिया।

घने जंगलों की वजह से राजा विक्रमादित्य की सेना कामावती नगर पर विजय नहीं कर पा रही थी, फिर राजा विक्रमादित्य ने स्वयं भयंकर युद्ध करके राजा कामसेन को परास्त किया. युद्ध में कई हत्याएं हुई, जिसे देख राजा विक्रमादित्य विचलित हो गए और उनके मन में प्रश्न आया कि जिन प्रेमियों के लिए मैंने इतना भयंकर युद्ध किया क्या उनका प्रेम सच्चा है ? राजा विक्रमादित्य ने परीक्षा लेने के लिए कामकन्दला को कह दिया कि हम युद्ध तो जीत गए, लेकिन इस युद्ध में तुम्हारा प्रेमी माधवनल नहीं रहा. कामकन्दला ने सुनते ही तालाब में कूद कर आत्महत्या कर ली, पूरी बात जब माधवनल को पता चली तो उसके भी प्राण तुरंत ही चले गए।

अब राजा विक्रमादित्य का मन और भी ज़्यादा विचलित हो गया. कहते हैं तब राजा विक्रमादित्य ने यहां की पहाड़ी पर माता की घनघोर तपस्या की और माता प्रसन्न हुई, जिसके बाद दोनों प्रेमियों को माता ने फिर जीवन दान दिया और तब से ही माता यहां मां बमलेश्वरी के रूप में विराजमान है।



## दुर्ग से विशाखापट्टनम के बीच चलेगी वंदे-भारत एक्सप्रेस

### सीएम साय ने रेल मंत्री को लिखी चिट्ठी, लंबे समय से रही है आंध्रा समाज की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए बड़ी खबर है. खबर ये है कि दुर्ग से दुर्ग से विशाखापट्टनम तक अब नई चंदे-भारत एक्सप्रेस चलने वाली है. रेलवे सूत्रों के मुताबिक यह ट्रेन आचार संहिता खत्म होने के बाद जून चल सकती है. सूत्रों का दावा है कि इसका समय भी तय कर दिया गया है. इस ट्रेन के लिए पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को चिट्ठी लिखी है। इस ट्रेन के चलाने को लेकर कई दिनों से आंध्रा समाज मांग कर रहा है. पिछले दिनों जब खबर आई कि ये ट्रेन चलने वाली है, लेकिन किसी कारण से ये ट्रेन शुरू नहीं हो सकी. जिसके बाद समाज का एक प्रतिनिधि मंडल रायपुर डीआरएम के पास गया था, लेकिन वहां समाज के लोगों के साथ डीआरएम ने अच्छा बर्ताव नहीं किया. जिसके बाद समाज के लोगों ने नाराजगी व्यक्त की थी. लेकिन अब उनके लिए ये खुशखबरी है कि ट्रेन का संचालन जल्द शुरू होने वाला है.

### 8.30 घंटे में दुर्ग से विशाखापट्टनम का सफर

रेलवे सूत्रों के मुताबिक दुर्ग से यह ट्रेन सुबह 6 बजे निकलेगी और दोपहर 2.30 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी. दोपहर 3.15 को विशाखापट्टनम से छूटेगी साढ़े आठ घंटे में 565 किलोमीटर की दूरी तय कर रात 11.50 को दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी. यहां-यहां होगा दुर्ग-विशाखापट्नम वंदेभारत ट्रेन का स्टॉपेज यह ट्रेन दुर्ग से रायपुर, लखोली, महासमुंद, खरियार-रोड, कांटा-भांजी, टिटलागढ़, सिंगापुर-रोड, रायगढ़ा, पार्वतीपुरम् और विजयानगरम होते हुए विशाखापट्टनम पहुंचेगी.

# लोकसभा चुनाव से पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने दिया पार्टी से इस्तीफा

## पूर्व सीएम बघेल पर चहेतों को पद बांटने का लगाया

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव को कुछ ही दिन शेष रह गए है. इस बीच कांग्रेस के लिए एक बुरी खबर सामने आई है. प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र परिहार ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है. पीसीस चीफ दीपक बैज ने नाम लिखे इस्तीफे में उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर कई आरोप लगाए है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र परिहार ने अपने पत्र में लिखा कि, मेरा मन तो पहले से ही भूपेश बघेल के तानाशाही रवैया और जनविरोधी नीति से फट गया है. मैंने पहले भी कांग्रेस से त्यागपत्र दिया था, लेकिन पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के समझाने पर मैंने फिर से कांग्रेस प्रवेश किया था. लेकिन कांग्रेस में भूपेश बघेल ने सभी क्षेत्रों में हस्तक्षेप किया है. उन्होंने अपने चहेतों को पद और टिकट बांटने के कारण प्रदेश में अपनी मजबूत लॉबी तैयार कर ली है. कांग्रेस में निष्ठावान कार्यकर्ताओं को गुलाम की तरह देखते और व्यवहार करते हैं।



### कांग्रेस आलाकमान ने जातिगत भेदभाव बढ़ाया

अपने इस्तीफे में पुष्पेंद्र परिहार ने कांग्रेस आलाकमान पर भी आरोप लगाए, उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने भी अपने पिछले शासनकाल के दौरान प्रशासन और राजनीति में जातिगत भेदभाव को बढ़ाया था. आज भी उनकी यही नीति है. उनके रहते कांग्रेस का छत्तीसगढ़ में कभी भला नहीं हो सकता है. भूपेश बघेल ने कांग्रेस को हाईजैक कर लिया है. उन्होंने पार्टी का माहौल ऐसा कर दिया है कि कोई भी उन्हें कहीं से चुनौती नहीं दे सके. भूपेश ने अपने समकक्षों को किनारे लगा दिया है। इसलिए कांग्रेस की सदस्यता से त्यागपत्र दे रहा हूं।

### पूर्व पीसीसी चीफ को बघेल ने किया किनारे

पुष्पेंद्र परिहार ने अपने पत्र में लिखा है कि, मैं इस बात से भी व्यथित हूं कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को भी भूपेश बघेल ने किराने लगा दिया, तो फिर सामान्य निष्ठावान कार्यकर्ताओं की क्या स्थिति होगी. इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है. भूपेश बघेल का पूरा कार्यकाल भय और भ्रष्टाचार का था. जिसका परिणाम सबने देखा. कांग्रेस प्रचंड बहुमत के होते हुए भी सरकार बनाने को तरस गई. भूपेश के ऊपर ईडी की गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है. उससे कांग्रेस की छवि सामान्य जनता में गिरी है. इससे निष्ठावान कार्यकर्ताओं का मोह भंग हो गया है. वे बड़ी संख्या में सदस्यता छोड़ रहे. मैं भी उन्हीं लोगों में एक हूं, जो यह मानता है कि कम से कम भूपेश के प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कांग्रेस में काबिज होने से जनता का भला नहीं होगा।



## प्रचार के दौरान आमने-सामने हुए भूपेश बघेल और संतोष पांडेय

**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए सभी पार्टी के नेता पूरे दमखम के साथ जुटे हुए हैं. राजनांदगांव में आज कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी आमने सामने हुए. प्रचार के दौरान सांसद संतोष पाण्डेय एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल आमने सामने हुए और दोनों ने आत्मीयता के साथ हाथ मिलाया।

यह मामला गांव बिरहनपुर कला का है. जहां लोकसभा प्रत्याशी और सांसद संतोष पांडे और कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आमने-सामने हो गए. इस दौरान दोनों पार्टी के कार्यकर्ता अपने-अपने पार्टियों का नारा लगाना शुरू कर दिए. भाजपाइयों जय श्री राम और बीजेपी जिंदाबाद के नारे लगाए. वहीं कांग्रेसी भूपेश बघेल, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए।

# पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

## ढोढ़ी का पानी पीने को मजबूर ग्राम गमहार के ग्रामीण

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के लैलूँगा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सिहारधार के गमहार गांव के लोग पानी के लिए तरस रहे है वहां की दुर्दशा पर पूरा गांव आंशु बहा रहा है।हमारी टीम को कुछ ग्रामीण मिले जिन से पूछा गया परंतु जानकारी नहीं होने से सही संतोष जनक जवाब नही दे पाया इतना जानकारी है कि दो माह पहले ही इसे बनाया गया है। जब उनसे गांव में अन्य समस्या के बारे मे पूछा गया तो पानी की समस्या बेहद है बताया गया जिसके बाद मोहल्ले से काफी लोग निकल कर आये और समस्याओं का पिटारा खोलने लगे ग्रामीणों का कहना था की इस गांव में दो बोरिंग थे जिससे हमारा पियास बुझता था परंतु सालों से एक बोरिंग खराब पड़ा है जिसे बनवाने वाला कोई नही है वही एक और बोरिंग था उसमें बोर कर दिया गया है जिसमे मात्र 5 मिनट ही पानी निकलता है जिससे मोहल्ले वाले को बहुत ज्यादा परेशानी होती है पूर्वजो द्वारा खेत मे बनाये गए ढोढ़ी से पानी लाकर पियास बुझाया जा रहा है सरपंच सचिव द्वारा किसी प्रकार का कोई ध्यान नही दिया जाता है बोल बोल कर थक चुके है। इतना ही नही यहां सड़क की समस्या भी है नाली तो पाट पाट बना दिया गया था पर किस काम का वही अभी जल जीवन मिशन के तहत गड्डा खोद कर पाइप लाइन का विस्तार किया गया है जिससे नाली ढंक चुकी है और सभी घरों के सामने नल के



लिए प्लेटफार्म बनाकर छोड़ दिया गया है।

पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण बेहद परेशान है जिसमे एक बोरिंग काफी दूर में है एक मे भीड़ बहुत होती है वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बस्ती में एक बोरिंगध्हैण्डपम्प है,जो चालू है लेकिन उसमें भी प्रयाप्त पानी नहीं निकलता है।जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी मूलभूत आवश्यकताओं को जनप्रतिनिधियों द्वारा पूरा नही किया जा सका है। जिसके कारण आज ग्रामीण ढोढ़ी का पानी पीने मजबूर है । परंतु इस विकराल समस्या को लेकर जनप्रतिनिधि कभी इस ओर ध्यान नही दे रहे हैं। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगताना पड़ रहा है। अब जैसे दृ जैसे गर्मी बढ़ते जा रही है, वैसे दृ वैसे पानी की समस्या और गहराते जा रही है। ऐसे स्थिति में ग्राम पंचायत सिहारधार के पूरे गाँव की नलजल योजना की पोल खुलना स्वाभाविक है। हैण्डपम्प को पंचायत के द्वारा बनाने की कोई पहल नहीं किया जा रहा है। वहीं गाँव के सरपंच के द्वारा गाँव के ग्रामीणों के लिए बोरिंगध्हैण्डपम्प से पानी की व्यवस्था नहीं कर पाना सबसे अपने आप में घोर लापरवाही को उजागर करता है। लेकिन जब गर्मी अपने चरम पर रहेगी और ग्रामीणों को पानी समय पर नही मिलेगा तो प्रायस का कोई औचित्य नहीं है। ग्रामीणों के लिये शासन के द्वारा चलाये जा रहे जल जीवन मिशन से भी इस गर्मी में पानी नही मिल पाएगा कियुकि पाइप लाइन विस्तार तो कर दिया गया लेकिन पानी कहा से मिलेगा यह व्यवस्था नही की गई जब पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जाता रहेगा तब तक पाइप लाइन प्लेट फार्म सब उखड़ कर बर्बाद हो जाएगा ग्रामीणों के समस्या को ध्यान में रखते हुए बोर, बोरिंग के माध्यम से ही पानी की आपूर्ति की जानी चाहिए। अगर समय रहते पानी की समस्या पर कोई ठोस पहल नहीं किया गया तो बढ़ते गर्मियों को देखते हुए ग्रामीणों के लिए पानी की समस्या विकराल रूप ले लेगी सबसे बड़ी मुद्दे की बात है कि जब सरपंच सचिव द्वारा पेजयल व्यवस्था के लिए हर साल लाखो खर्च दिखाती है बिडम्बना यह है की आज भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है ग्राम पंचायत के सरपंच पानी की समस्या पर गर्मी आने से पहले ही पहल किया जाता तो शायद ग्रामीण आज ढोढ़ी का पानी पीने मजबूर नहीं होते अक्सर पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान रहते है ग्राम पंचायत स्तर पर हर साल बोर खनन किया जाता है फिर भी परेशानी जस के तस बनी रहती है आखिर कब तक जेब गरम करने सरपंच सम्बंधित अधिकारी ठेकेदारों द्वारा फर्जी बोर खनन जैसे कार्य किया जाता रहेगा।

# केडिया डिस्टलरी के कर्मचारियों को लेकर कुम्हारी से भिलाई लौट रही बस खदान में गिरी

## हादसे में 14 लोगों की मौत

**रायपुर/भिलाई।** दुर्ग जिले में केडिया डिस्टलरी के 27 कर्मचारियों को लेकर कुम्हारी से भिलाई लौट रही बस मंगलवार रात नौ बजे 50 फीट गहरी खदान में जा गिरी। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई है। जिसमें 5 लोगों की हालत नाजुक बनाई जा रही है। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू कर दिया है। पुलिस की ओर से मौत के आंकड़े की पुष्टि की गई है।

पुलिस के अनुसार बस लौटने के दौरान एक मुरुम खदान में 50 फीट नीचे गिरी है। रायपुर एम्स में 2 महिलाओं को रेफर किया गया है। 8 लोगों को एपेक्स अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। मौत का आंकड़ा 14 तक पहुंच गया है। हादसे में मौत का आंकड़ा बढ़कर 14 पहुंच गया है। गंभीर रूप से घायलों का रायपुर के एम्स में भी इलाज जारी है। छत्तीसगढ़ में रायपुर-दुर्ग रोड पर मंगलवार रात कर्मचारियों से भरी बस 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 14 कर्मचारियों की



मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हैं। इनमें 5 की हालत गंभीर है। मृतकों में 3 महिलाएं भी शामिल हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। बस से घायलों को बाहर निकाल लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, हादसा कुम्हारी में खपरी रोड पर मुरुम खदान में हुआ है। केडिया डिस्टलरी के कर्मचारी प्लांट से बस में सवार होकर लौट रहे थे। हादसे के दौरान बस में 40 लोग सवार थे। घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। टॉर्च और मोबाइल के फ्लैश लाइट से रेस्क्यू किया गया।

### पीएम मोदी जताया शोक

घटना पर दुख जाताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग में हुआ बस हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की निगरानी में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।

## चरणदास महंत ने अबकी बार मोदी को बताया डिफाल्टर, कहा- 10 साल से फेल हो रही मोदी की गारंटी

**सक्ती।** अभी सिर पर लाठी मारने वाले बयान पर बवाल थमा नहीं कि एक बार फिर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पीएम मोदी पर विवादास्पद बयान दे दिया है. उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी 10 साल से फेल हो रही है. ना 2 करोड़ नौकरी मिली, ना 15 लाख रुपए मिले. जिसकी गारंटी फेल हो गई है, छत्तीसगढ़ के लोग समझते हैं वो डिफाल्टर आदमी है। सक्ती दौरे के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि भाजपा की तरह हम लोग झूठ नहीं बोलेंगे. छत्तीसगढ़ में 5 से 6 सीट जीत रहे हैं. आने वाले समय में 9 से 10 सीट हो सकती है. वहीं शराब के बढ़े दाम को लेकर महंत ने कहा कि मैं शराब नहीं पीता, तो कैसे बता सकता हूं. लेकिन जो शराब पीते हैं, वो सब गाली बक रहे हैं. शराब पीने वाले सब कांग्रेस को वोट करेंगे।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547